कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 27.10.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में
युवा संकल्प कार्यक्रम आयाजित
शत–प्रतिशत मतदान की ली शपथ

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत युवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है।

स्वीप कार्यक्रम के संयोजक डॉ. व्ही.के. वासनिक ने जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय की छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने 17 नवंबर को शत–प्रतिशत मतदान के लिये शपथ ली।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने सभी को संकल्प दिलाया कि धर्म, जाति, भाषा से ऊपर उठकर देश हित और मजबूत लोकतंत्र के लिये सभी निर्वाचनों में मतदान करेंगे तथा इसके लिये प्रेरित भी करेंगे। उन्होनें बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने हेतु स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय में पतंग उत्सव, अम्ब्रेला निर्माण तथा बैलून के माध्यम से जागरूकता अभियान आयोजित किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय में गरबा नृत्य, रंगोली, मेंहदी तथा पोस्टर प्रतियोगिताओं के माध्यम से मतदाता जागरूकता तथा शत–प्रतिशत मतदान का आव्हान किया जा रहा है।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)